**खबर संक्षेप**

### सीएम हेल्पलाइन में टॉप-10 का लक्ष्य रखें, अधिकारी हर सप्ताह करें दो फील्ड विजिट-कलेक्टर

**मण्डला।** कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने जिला योजना भवन में आयोजित टीएल बैठक के दौरान समय-सीमा पत्रों एवं विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकताओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें तथा मैदानी स्तर पर नियमित निगरानी बनाए रखें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी प्रत्येक सप्ताह कम से कम दो स्थानों का फील्ड विजिट कर योजनाओं की प्रगति का निरीक्षण करें और समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कराएं। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने जिले को टॉप-10 में लाने का लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए। सीएम हेल्पलाइन में नॉन-अटेंडेंट पाए जाने वाले अधिकारियों पर नियमानुसार जुर्माना लगाने के निर्देश भी दिए। वहीं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों पर संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान उपसंचालक कृषि श्री अश्विनी झारिया द्वारा बताया गया कि जिले में लगभग 2 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफ फसलों की बोवनी पूर्ण हो चुकी है। साथ ही उद्यानिकी विभाग द्वारा बताया गया कि टाटरी, डुंगरिया सहित अन्य क्षेत्रों के 300 किसानों ने काली तुलसी की बोवनी की है, जिससे औषधीय खेती को बढ़ावा मिल रहा है और किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में सकारात्मक पहल हुई है।

**अपात्र को महत्वपूर्ण पद पर कैसें दी गई नियुक्ति**

# वैकल्पिक व्यवस्था के नाम पर शिक्षा का बंटाधार

*** राज्य शिक्षा क्रेन्द की भी नहीं मानी जा रही।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

*जिले की शिक्षा व्यवस्था में वैकल्पिक व्यवस्था के नाम पर जो अनदेखी एवं अनियमित्ता पिछले काफी समय से की जा रही है उसी का परिणाम है कि आज जिले की शिक्षा प्रणाली का बंटाधार होता जा रहा है।*


अनदेखी

शिक्षकविहीन और एकल शिक्षक विद्यालयों से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित।

बैगा अंचल में 18 दिनों से रिक्त बीईओ का पद

* प्रशासनिक व वित्तीय कार्य भी पड़े ठप्प।


छात्रावास अधीक्षकों का किया जा रहा शोषण

जिला शिक्षा केन्द्र में खुला भ्रष्टाचार

अपात्र पर क्यों मेहरबान प्रशासन

बैगा अंचल मवई क्षेत्र में लगभग एक माह से बीईओ का पद रिक्त है जब हमने हरिभूमि में इस खबर का प्रकाशित किया उस समय सहायक आयुक्त से बात के दौरान उन्होंने हमें आश्वत किया था कि 2-3 दिनों में बीईओ के पद पर जल्द ही पदस्थापना कर दी जायेगी लेकिन उनके इस आश्वासन को दिये हुये ही 8 दिन से ज्यादा हो गये स्थिति जस की तस है।

मवई विकासखण्ड में 30 जून से कोई भी बीईओ नहीं है न ही किसी को प्रभारी गया है यहां पर वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं की जा रही। बैगा अंचल मवई की शिक्षा व्यवस्था इन दिनों गंभीर संकट के दौर से गुजर रही है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) का पद रिक्त होने के कारण शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं। वहीं कई शासकीय विद्यालय शिक्षकविहीन अथवा एकल शिक्षक के भरोसे संचालित होने से आदिवासी अंचल के विद्यार्थियों की पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

इसके चलते सेवानिवृत्त कर्मचारियों से जुड़े लंबित प्रकरणों का निराकरण नहीं हो पा रहा है। है। इसी बीच नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हो चुका है, लेकिन शिक्षकों की पदस्थापना, विद्यालयों की व्यवस्थाएं तथा अतिथि शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया भी प्रभावित बताई जा रही है।

क्षेत्र के कई विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी बनी हुई है। अनेक स्कूल एकल शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहे हैं, जबकि कुछ विद्यालय पूरी तरह शिक्षकविहीन हैं। ऐसे में विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई बाधित हो रही है। बीईओ का पद रिक्त होने से आवश्यक प्रशासनिक निर्णय समय पर नहीं हो पा रहे हैं, जिससे शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

विकासखंड शिक्षा कार्यालय से जुड़े विभिन्न वित्तीय एवं विभागीय कार्य भी लंबित बताए जा रहे हैं। इसका असर कार्यालयीन गतिविधियों के साथ-साथ विद्यालयों के संचालन पर भी पड़ रहा है।

### यूं ही नहीं होती वैकल्पिक व्यवस्था

हम सबका अनुभव रहा है कि शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण पदों पर कैसें और किसकी पदस्थापना की जाती है शायद यही कारण है कि मवई बीईओ के पद के लिये कोई प्रभावशाली व्यक्ति अभी तक नहीं मिला। प्रभावशाली से हमारा तात्पर्य वह व्यक्ति जिसका राजनैतिक वर्चस्व हो, ऐसा व्यक्ति जो पहले पूंजी लगा सकता हो और फिर ब्याज सहित वसूली करने में सक्षम हो यदि ऐसा व्यक्ति उस पद के लिये अपात्र है तो भी उसे नजरअंदाज करते हुये पद पर बैठा दिया जाता है जैसा कि इसके पहले भी हो चुका है।

लगभग एक वर्ष से ज्यादा समय हो गया जब सहायक परियोजना समन्वयक (बालिका शिक्षा) की नियुक्ति की गई थी जब नियम विरूद्ध जनजातीय कार्य विभाग से किसी को बिना विभागीय अनुमोदन के जिला शिक्षा केन्द्र में पदस्थ किया गया था जो पात्र परीक्षा अनुत्तीर्ण रहता है उसके बावजूद उसे पद पर बैठा दिया जाता है जिसके विरूद्ध नोटशीट चलती है जिस नोटशीट के एक पैराग्राफ में स्पष्ट रूप से यह लिखा जाता है कि राज्य शिक्षा केन्द्र से सलाह लेने पर स्पष्ट रूप से उन्होंने इस नियुक्ति को अवैध बताया और इस शिक्षिका की सहायक परियोजना समन्वयक (बालिका शिक्षा) के पद पर नहीं की जा सकती।

इतने सबके बावजूद इन शिक्षिका महोदया को सहायक परियोजना समन्वयक (बालिका शिक्षा) के पद पर पदस्थ कर दिया जाता है और जब मीडिया में हल्ला मचता है तो नियुक्ति को वैकल्पिक व्यवस्था बताकर शीघ्र सुधार की बात की जाती है लेकिन एक वर्ष से ज्यादा समय बीत गया इनकी नियुक्ति बददस्तूर जारी है अब तो बाकायदा छात्रावासों से वसूली के ऑडियों वायरल हो रहे है जिनमें नगद राशि के साथ-साथ घी एवं ड्रायफुड की मांग की जा रही है अब इन पर कार्यवाही करे तो कौन वे जिन्होंने इन्हें नियुक्त किया या वे राजनेता जिनकी अनुशंसा का नोटशीट मं जिक्र किया गया है।

# 6-7 दिनों से वार्ड में नहीं हो रही पानी सप्लाई




*** नल-जल योजना की खुली पोल, पंचायत प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पंडरिया में नल-जल योजना की स्थिति बदहाल होती नजर आ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि वार्ड 16 में पिछले 8 से 10 दिनों से पेयजल की आपूर्ति पूरी तरह बंद है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

दैनिक जरूरतों के बीच पानी नहीं मिलने से ग्रामीणों को दूर-दराज के स्त्रोतों से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार पंचायत प्रशासन को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं किया गया। इससे नल-जल योजना की कार्यप्रणाली और पंचायत प्रशासन की जवाबदेही पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

नल-जल योजना के संचालन में लापरवाही किसी एक क्षेत्र विशेष की बात नहीं अधिकांश ग्रामों में नल-जल योजना के संचालन पर न केवल मनमानी की जा रही है बल्कि पानी की सप्लाई पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा। वित्तीय अनियमित्ताओं की भी शिकायतें लगातार आती रही है पिछले दिनों भी विद्युत बिल न अदा होने से बिजली काट दी गई और फिर बिजली न होने से नल-जल योजना का संचालन बंद हो गया परेशान ग्रामवासियों ने कलेक्टर मण्डला एवं मंत्री महोदया से अपनी गुहार लगाई तब कहीं जाकर समस्या का वैकल्पिक समाधान हो सका।

नल-जल योजना के संचालन पर जिला स्तरीय एक कमेटी गठित होनी चाहिये जो लगातार इसके संचालन पर एवं लापरवाही पर नजर रख सके।

# दुर्घटनाओं में कमी लाना सर्वोच्च प्राथमिकता-डीएम

*** सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे एवं एसपी श्री राजेश रघुवंशी के नेतृत्व में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था में सुधार एवं दुर्घटना पीड़ितों को समय पर राहत उपलब्ध कराने से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी विभाग आपसी समन्वय से समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि जिले में सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सके।

पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी ने कहा कि सड़क सुरक्षा सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पुलिस द्वारा दुर्घटना संभावित स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। नागरिकों के सहयोग और यातायात नियमों के पालन से ही सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सकती है। इस दौरान जिला परिवहन अधिकारी श्री विमलेश गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री राहत योजना के अंतर्गत प्राप्त 95 प्रकरणों में से 51 प्रकरण स्वीकृत किए जा चुके हैं। कलेक्टर ने शेष प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### सात दिन के भीतर सुधार कराने के निर्देश

कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर वाहन चालकों को सतर्क करने के लिए स्पीडोमीटर ब्लिंक लाइट लगाने के निर्देश दिए। साथ ही पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई, एमपीआरडीसी एवं पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को जिले के चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर आवश्यक सुधार कार्य प्राथमिकता से करने को कहा। उन्होंने फुलसागर, बबेहा और नारायणगंज के समीप पुलों पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए सोलर नाइट लाइट, रिफ्लेक्टर एवं आवश्यक साइनेज सात दिवस के भीतर लगाने के निर्देश दिए। यह कार्य एमपीआरडीसी द्वारा कराया जाएगा।

### फल-सब्जी विक्रेताओं के लिए स्थान निर्धारित करें- कलेक्टर

कलेक्टर ने आंगन तिराहा से कारीकोन-महाराजपुर मार्ग के मध्य डिवाइडर पर रिफ्लेक्टर एवं स्ट्रीट लाइट लगाने के निर्देश भी दिए। वहीं चिलमन चौक के खराब यातायात सिग्नल को 15 दिवस के भीतर बदलने के लिए नगरपालिका सीएमओ को निर्देशित किया। बैठक में नगर पालिका को निर्देश दिए गए कि फल एवं सब्जी विक्रेताओं के लिए निर्धारित स्थान चिन्हित कर स्थायी मार्किंग की जाए तथा उन्हें पहचान-पत्र जारी किए जाएं, ताकि वे सड़क किनारे अनियोजित ढंग से दुकानें लगाकर यातायात में बाधा उत्पन्न न करें।

बैठक से पूर्व सामाजिक कार्यकर्ता शिखा श्रीवास्तव को गुड सेमेरिटन के रूप में सम्मानित किया गया। उन्होंने महाराजपुर क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना के दौरान गोल्डन ऑवर में घायल व्यक्ति को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर मानवता का परिचय दिया।

# नैशनल टास्क फोर्स के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



शासकीय स्नातक महाविद्यालय भुआबिछिया में नैशनल टास्क फोर्स के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो रोहिणी कुमार कोस्टा की अध्यक्षता में कार्यक्रम प्रभारी डॉ राखी वंशकार के द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित अपूर्वा मिश्रा के द्वारा महाविद्यालय के स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को तनाव प्रबंधन के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया की मानसिक अस्वस्थता सामाजिक एवं व्यक्तिगत कारणों से जन्म लेती है जिसमें व्यक्ति अवसाद ग्रस्त एवं तनाव ग्रस्त हो जाता है और यह समस्या धीरे-धीरे एक विकराल रूप धारण कर लेती है जिसमें पीड़ित आत्मघाती कदम तक उठा सकते हैं। इसलिए हमें सदैव सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते रहना चाहिए। कभी भी हीन भावना से ग्रसित नहीं होना चाहिए तथा अपनी समस्या को किसी न किसी व्यक्ति के साथ अवश्य साझा करना चाहिए ताकि हम आत्मघाती कदम उठाने से स्वयं को बचा सकें। सबसे महत्वपूर्ण है कि हम योग एवं ज्ञान का मार्ग अपनाए। योग एवं ध्यान से चित्त एकाग्र होता है एवं व्यक्ति बाह्य तनावों से मुक्त रहता है। आंतरिक शांति ही हमारे मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाती है और तनाव मुक्त रखती है। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जीवन अमूल्य है इसे व्यर्थ में न गंवाएं। सदैव सकारात्मक विचार रखे। कार्यक्रम प्रभारी डॉ राखी वंशकार ने नेशनल टास्क फोर्स के विषय में तथा मानसिक स्वास्थ्य परामर्श हेतु टोलफ्री नंबर एवं परामर्शदाता के विषय में जानकारी प्रदान कर समस्त उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। कार्य क्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**समारोह** | **इनर व्हील क्लब मंडला मैकल का पदस्थापना समारोह संपन्न।**

# अनीता गोयल ने संभाली अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी

*** महिला उत्थान से जुड़े कार्यक्रमों को संचालित करने का संकल्प।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




इनर व्हील क्लब मंडला मैकल द्वारा स्थानीय होटल के बैंक्विट हॉल में गरिमामय पदस्थापना समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवगठित कार्यकारिणी को पद एवं दायित्व सौंपे गए। समारोह उत्साह, सौहार्द और सेवा भावना के वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें क्लब की सभी सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।



कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। इसके पश्चात निवर्तमान अध्यक्ष (आईपीपी) श्रद्धा तपा ने नव निर्वाचित अध्यक्ष अनीता गोयल को अध्यक्षीय पिन पहनाकर औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण कराया। इसके साथ ही क्लब की नई कार्यकारिणी एवं सभी सदस्याओं को भी पिन पहनाकर उनके दायित्वों की स्थापना की गई।

समारोह की मुख्य अतिथि अनुराधा चौरसिया ने अपने संबोधन में इनर व्हील क्लब द्वारा समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण एवं विभिन्न जनहितकारी गतिविधियों की सराहना करते हुए नई टीम को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सेवा, समर्पण और सहयोग की भावना से कार्य करते हुए क्लब समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा।

नव नियुक्त अध्यक्ष अनीता गोयल ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि क्लब की पूरी टीम सेवा कार्यों, सामाजिक सरोकारों और महिला उत्थान से जुड़े कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करेगी। उन्होंने सभी सदस्याओं से सक्रिय सहभागिता और सहयोग की अपील भी की।

कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रिया पमनानी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन अनुराधा राधिका ने किया। पदस्थापना समारोह में रोटरी क्लब के अध्यक्ष एवं सदस्य भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य के सेवा कार्यों में सहयोग का आश्वासन दिया।

समारोह के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने नई टीम के साथ क्लब की आगामी गतिविधियों को सफल बनाने का संकल्प लिया। पूरे आयोजन के दौरान आत्मीयता, उत्साह और सेवा भावना का वातावरण देखने को मिला।

### युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन आज

**मण्डला।** जिला प्रशासन के निर्देशानुसार 28 जुलाई को नगरपालिका टाउनहॉल, मंडला में युवा संगम मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगी। इसमें 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिग्री एवं डिप्लोमा उत्तीर्ण तथा 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के इच्छुक अभ्यर्थी अपने मूल शैक्षणिक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

# दिव्यांग बच्चों के लिए नि:शुल्क शिक्षा का अवसर, जस्टिस तंखा मेमोरियल स्कूल में प्रवेश प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




जिला मुख्यालय के समीप ग्राम पंचायत बड़ी खैरी स्थित जस्टिस तंखा मेमोरियल रोटरी फॉर स्पेशल चिल्ड्रन स्कूल में दिव्यांग बच्चों के लिए नए शैक्षणिक सत्र के प्रवेश प्रारंभ हो गए हैं। विद्यालय में कक्षा 1 से 8 तक के दिव्यांग विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है।

विद्यालय के डायरेक्टर संजय तिवारी ने बताया कि पिछले 13–14 वर्षों से यह विद्यालय प्रशिक्षित एवं कुशल शिक्षकों द्वारा संचालित किया जा रहा है। यहां बच्चों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता। साथ ही विद्यार्थियों के लिए घर से स्कूल तक निःशुल्क वाहन सुविधा, गणवेश तथा पाठ्यपुस्तकों की व्यवस्था भी उपलब्ध है, जिससे दिव्यांग बच्चों को समग्र शैक्षणिक सहयोग मिल सके।

विद्यालय प्रशासन के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया वर्तमान में जारी है। इच्छुक अभिभावक अधिक जानकारी एवं प्रवेश के लिए प्रतिदिन प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक विद्यालय परिसर, बड़ी खैरी पहुंचकर संपर्क कर सकते हैं।

विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि यह पहल दिव्यांग बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

**खबर संक्षेप**

## लगातार बढ़ रही महंगाई के दौर में बेरोजगार युवा सड़कों पर भटकने हो रहे मजबूर

**हरिभूमि न्यूज/ खुलरी।** नौजवानो में कुछ नया करने का जज्बा और समाज में बदलाव लाने की ताकत होती है। किन्तु जब उन्हे सम्मान,कोई काम नही मिलता है तो उम्मीदों से भरी उनकी ऑखो की चमक गायब होने लगती है और उनकी सक्रियता खत्म होने से वे परिवार पर बोझ बनने के साथ ही कुंठित होने लगते है। बदनसीबी की बात है कि शहर व क्षेत्र के गांवो में इन दिनों महॅगाई के अलावा युवाओं की बेरोजगारी की समस्या आमलोंगो को परेशान कर रही है। बताया गया है कि क्षेत्र में कालेजों से डिग्रियॉ लेने वाले हजारों युवा लम्बे अरसे से बेरोजगारी का दंश झेल रहे है। हालत यह है कि जिला रोजगार कार्यालय में वर्षो से पंजीयन कराने के बाद भी उन्हे ऐसी छोटी नौकरी भी नही मिल पा रही है,जिसके सहारे वे अपने घरो में खुशिया बिखरा सके , शहर के हालात पर यदि नजर डाली जाए तो यह सच्चाई उभरकर सामने आने लगी है कि शहरों में चलने वाले कोचिंग सेन्टरो, महाविद्यालय, स्कूलो, सायवर कैफो से किताबी, तकनीकी ज्ञान प्राप्त कर हर वर्ष हजारों की तादाद में युवा निकलते है, पर वह प्रतिभा वान होने के बावजूद उनको नौकरी की तलाश में दर दर भटकना पड़ता है, इनमें से कुछ नौजवान अनचाहा धंधा करने लगते हैं और कुछ शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रायवेट शिक्षण संस्थाओं के फैले शोषण के जाल में उलझ कम तनख्वाह लेकर बच्चों को पढ़ानें लगते है और बहुत से बेरोजगार युवा ऐसे भी होते है जो बेकारी से तंग होकर मजबूरी वश ऐसे अवैध काम करने लगते है, जो उनके स्वभाव के विपरीत होते है। क्षेत्र में बेरोजगारो की संख्या में ईजाफा होने के कारण नौजवानो के भविष्य को लेकर अब क्षेत्र में चिंता की लहर दौड़ती प्रतीत हो रही है। विदित हो कि क्षेत्र में जब फैक्ट्रियॉ लगी थी, तो ऐसा लगा था कि क्षेत्र में नए रोजगार के अवसरो का सृजन होगा, लेकिन दुर्भाग्य से उक्त उपक्रमो में क्षेत्रीय नौजवानो को 25 प्रतिशत भी नौकरियॉ नसीब नही हुई? जिसका नतीजा है कि क्षेत्र में निरंतर बेरोजगार युवाओं की फौज बढ़ती रही और बेरोजगारी की समस्या ने जाटिल रूप धारण कर लिया। गौरतलब है कि आमतौर पर नौजवान स्वाभिमानी, जोशीले होते है, इसलिए बेकारी से तंग होने के बावजूद वे अपने दर्द का इजहार करने में संकोच करते है मगर इस उलट हकीकत यह रहती है कि नेता व साधन सम्पन्न बेरोजगार युवाओं को उपेक्षित करने लगते है तथा उनकी जिंदगी में कुछ नया करने की उमंग क्षीण होने लगती है, इस प्रकार से देखा जावे तो क्षेत्र में बेकार युवाओं की तादाद बढ़ते जाना सचमुच चिंताजनक बात है क्षेत्र में रोजगारोन्मुखी शिक्षा की व्यवस्था, सरकार स्तर के नए, औद्योगिक प्रतिष्ठान, रोजगार के अवसरो के सृजन, बेरोजगार युवाओं के हो रहे आर्थिक शोषण पर अंकुश लगाना अब समय की मॉग है, जिस पर तवज्जो देकर जनप्रतिनिधियो, शासकीय अधिकारियो, समाजसेवी संस्थाओं को क्षेत्र मिटाने सार्थक कदम उठाना चाहिए ताकि क्षेत्र के हर शिक्षित नौजवान को नौकर मिल सके और वह गर्व के साथ अपना जीवन व्यतीत कर सके।

# अन्नदाताओं को मौसम ने फिर दिया धोखा, आषाढ़ माह में पड़ रही बैशाख की तरह तपन, नलकूपों से खेत भरकर धान रोपने को मजबूर







**हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।** जहां एक ओर बीते हुये कुछ वर्षो से क्षेत्र का किसान प्रकृति की मार झेलते हुये किसी भी प्रकार से अपनी खेती को लाभ का धंधा बनाने में जुटा हुआ देखा जा रहा है। मगर देखा जा रहा था कि प्रकृति जिस तरह धोखा दे रही थी उसके चलते माटी पुत्र को टूटते हुये चला जा रहा है। क्योंकि आषाढ़ व साबन माह बारिश के लिये प्रमुख माना जाता है। मगर इस समय बिदाई लेने की ओर पहुंच चुके आषाढ़ माह में बैशाख की तरह तपन के नजारे अन्नदाता के लिये चिंता में डालने से नही चूक रहा है। क्योंकि जहां एक ओर क्षेत्र का अन्नदाता प्रकृति की मार झेल रहा है तो दूसरी ओर सरकार भी उनके भरोसे पर जिस तरह चोट दे देती है उसके चलते किसानों की आंखों में आंसू आने से नही चूक पाते है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस वर्ष भी देखने मिल रही है। क्योंकि हर साल जिस तरह किसानों द्वारा गर्मी के दिनों में पैदा करने वाले मूंग फसल को सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदते हुये किसानों की मदद की जा रही थी। उसी के चलते इस वर्ष भी किसानों को पूरा भरोसा था कि सरकार द्वारा उनकी मूंग को समर्थन मूल्य पर खरीदा जावेगा। इसी सोच के चलते क्षेत्र में गर्मी मूंग के रकवा में इजाफा हुआ था और जब किसानों की मूंग फसल कटकर तैयार हुई तो सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर मूंग फसल को खरीदने में जिस तरह का धाखा मिला हुआ है उससे किसानों द्वारा अपनी मूंग फसल को तैयार करने में लगाई लागत खड़ी होते हुये दिखाई नही दे रही है। इस तरह मूंग फसल से मायूस हुये किसानों को उम्मीद थी कि शायद इस साल मौसम साथ दे देगा और वह धान सहित सोयाबीन फसल में मूंग की कमी को पूरा कर लेगे। मगर प्रकृति का खेल जिस तरह देखने मिल रहा है उससे ऐसा प्रतीत होने से नही चूक पा रहा है कि दुनिया को पेट भरने वाले अन्नदाता को अब चारों ओर से निराशा ही हाथ लग रही है। क्योंकि बारिश के लिये प्रमुख माने जाने वाले आषाढ़ माह में जिस प्रकार से सूरज भगवान बैशाख की तरह आग उगलते हुये दिखाई दे रहे है उसके चलते किसानों को जहां अपने खेतों में धान फसल लगाने के लिये नलकूपों का सहारा लेना पड़ रहा है। क्योंकि धान फसल रोपित करने के लिये अच्छी बारिश की जरूरत होती है। मगर इस समय मानसून की बैरूखी ने किसानों को निराश कर दिया गया है। इस स्थिति के चलते किसानों द्वारा अपने खेतों में नलकूपों के माध्यम से पानी भरकर धान फसल रोपित करते हुये देखा जा रहा है तो दूसरी ओर बोनी हो चुकी सोयाबीन फसल को भी वह सिंचाई करते हुये बचाते हुये देखे जा रहे है। मगर अनेक किसानों का कहना है कि धान फसल के लिये आसमानी पानी जो फायदा देता है वह नलकूपों के माध्यम से संभव नही हो पता है। क्योंकि नलकूपों के पानी से खेत भर तो जाते है। मगर जमीन को ठंडक नही पहुंच पाती है। इस स्थिति में नलकूपो के पानी के भरोसे इस वर्ष धान फसल की पैदाबार प्रभावित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। यदि कुछ दिनों तक पानी और नही गिरा तो निश्चित तौर से धान व सोयाबीन फसल खराब होने से नही बच पायेगी। क्योंकि शुरूआती तौर पर प्रकृति जिस प्रकार से अन्नदाता का साथ देते हुये देखी जा रही है उसके चलते माटी पुत्रों के चेहरों पर मुस्कान झलकाते हुये वह अपने खेतों में धान फसल को लगाने की तेयारियों में जुटा हुआ देखा जा रहा है। मगर लगभग एक सप्ताह से जिस तरह से धूखा देते हुये नजर आ रहा है उसके चलते अन्नदाता की आंखों में चिंता की लकीरे साफ नजर आने से नही चूक रही है।

## गाडरवारा पुलिस की कार्यवाही से सांईखेड़ा पुलिस की उदासीनता फिर हुई उजागर, एक आरोपी के पास से जप्त किया गांजा सहित मोटर साईकिल





**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** नशा मुक्ति अभियान 2.0 एवं ऑपरेशन ईगल क्लॉ के तहत गाडरवारा पुलिस के द्वारा मादक पदार्थ के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। गौर किया जावे तो जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गाडरवारा टीआई अशोक सिंह चौहान की टीम द्वारा मादक पदार्थो के कारोबारियों के खिलाफ लगातार डंडा घुमाते हुये नजर आने से नही चूक रहे है। मगर इस बात से भी इंकार नही किया जा सकता है कि जिस तरह गाडरवारा पुलिस की कार्यवाही के दौरान मादक पदार्थो के सौदागर हाथ लग रहे है वह सांईखेड़ा थाना क्षेत्र के होने से यह बात उजागर होने से नही चूक रही है कि सांईखेड़ा थाना क्षेत्र जहां अब मादक पदार्थो का कारोबार करने वालों को सबसे सुरक्षित क्षेत्र के बन चुका है। इस सच्चाई से सांईखेड़ा पुलिस की उदासीनता पूर्ण कार्यप्रणाली उजागर होने से नही चूक पा रही है..? क्योंकि जो कार्य सांईखेड़ा पुलिस को करना चाहिये था वह गाडरवारा पुलिस द्वारा करते हुये सांईखेड़ा क्षेत्र के आरोपियों को लगातार पकड़ते हुये देखा जा रहा है। इस तरह सांईखेड़ा क्षेत्र से यहां पर मादक पदार्थो का अवैध कारोबार करने के लिये आये हुये आरोपियों को पकड़ने में गाडरवारा पुलिस के हाथ एक सप्ताह के दौरान यह दूसरी सफलता लगी है। इस तरह गांजे के साथ पकड़े गये आरोपी को लेकर बताया जाता है कि पुलिस मुख्यालय के आदेश पर नशा मुक्ति अभियान 2.0 के तहत जिला पुलिस अधीक्षक डा ऋषिकेश मीना के निर्देशन में पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। वही दूसरी ओर पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर युवाओं एवं नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों एवं कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी जा रही है। वही पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थ के कारोबार में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध *"OPERATION EAGLE CLOW"* चलाया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) ललित सिंह डागुर के मार्गदर्शन में बीते हुये गाडरवारा नगर निरीक्षक अशोक सिंह चौहान की टीम द्वारा बीते हुये दिवस रात के समय मादक पदार्थ गांजा का परिवहन करते 01 आरोपी के कब्जे से 35 हजार रूपये कीमत का 2 किलो 330 ग्राम गांजा,घटना में प्रयुक्त 01 मोबाईल सहित एक मोटरसाइकिल हुए जप्त की जाकर दोनों आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये आरोपी से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम आशीष पलिया पिता बसंत पलिया उम्र 24 साल निवासी ग्राम मुआर थाना साईखेड़ा बताया गया। वही पुलिस द्वारा आरोपी आशीष पलिया के विरूद्ध एन.डी.पी.एस. एक्ट की संगत धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया जाकर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इस कार्यवाही में मुख्य रूप से टीआई अशोक सिंह चौहान के साथ उप निरीक्षक अनिल भगत, प्रधान आरक्षक रामगोपाल सिंह राजपूत, वरिष्ठ आरक्षक रूपेन्द्र चौबे, आरक्षक दिनेश पटेल, अक्षय श्रीवास्तव, सृजल भार्गव, यश मेहरा, दीपक राय अहिम भूमिका देखने मिली।



## छात्रों के संघर्ष की सफलता पर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमति पटैल ने मनाया विजय दिवस

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** छात्राओं की लड़ाई में कांग्रेस पार्टी के प्रमुख नेता राहुल गांधी द्वारा कूदने के साथ अपना समर्थन दिये जाने के बाद मिली सफलता को जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सुनीता पटेल ने छात्रों के संघर्ष और लोकतंत्र की जीत का विजय दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया।नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने छात्र-छात्राओं के अधिकारों की लड़ाई में निरंतर संघर्ष किया, उनकी आवाज़ को मजबूती से उठाया और उनके साथ मजबूती से खड़े रहे। इसी संघर्ष का परिणाम है कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस्तीफा दिया।इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस सचिव मनीष राय, ब्लॉक अध्यक्ष सतीश सेनी, चीचली अध्यक्ष गिरजा शंकर कौरव, साईंखेड़ा अध्यक्ष लखन पटेल, नगर अध्यक्ष राजीव दुबे ,जिला उपाध्यक्ष दिग्विजयसिंह पटेल सहित जिला सचिव प्रदीप पटेल, जिला महासचिव अबधेश रूसिया, जिला महासचिव प्रभात पटेल, जिला महासचिव उमेश नीरस, बरिष्ठ राजेन्द्र राजोरिया तथा महिला ब्लॉक अध्यक्ष संगीता जायसवाल महिला उत्पीडन श्रीमति प्रियंका चांदनी दीक्षित, मुकेश बन्टू गुप्ता, सीता चौकसे, उमा ठाकुर, बसंत तपा सुनील सोनी जगदीश सासानी, अनिल साहू, संदीप कौरव, सुखदेव शर्मा, शरद ठाकुर व मण्डलम अध्यक्ष नीलेश ढिमोले, भगवान गुर्जर, सत्यनारायण मुकद्दम, संजय कौरव हंसु राय, सरपंच सत्यप्रकाश कौरव, जिला मीडिया प्रभारी सुनील दुबे, युवा कांग्रेस अध्यक्ष यस राय, जगदीश ममार, अजय सोनी, शिवम चौकसे, कृष्णकांत कौरव, गोपाल अगरबाल, जीवन सिंह कीर, नरेन्द्र राजपूत, सविता सेन, कपिल कौरव, कैलाश पाण्ड्य, संजय गुर्जर, आदित्य कौरव सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मौजूद में हर्ष व्यक्त किया गया।

## डोगरगांव थाना क्षेत्र के संतोष कीर का हुआ एक साल के लिये जिला बदर




**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** अपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहने वालों के खिलाफ समय आने पर प्रशासन के अधिकारी कार्यवाही करने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार से समीपस्थ डोगरगांव पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले संतोष कीर का एक साल के लिये जिला बदर आदेश जारी हुआ है। बताया जाता है कि मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के प्रावधानों के तहत जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर डोंगरगांव थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम कुड़ारी निवासी संतोष कीर पिता सत्तू उर्फ सत्यनारायण कीर को जिला बदर किया गया है। संतोष कीर को नरसिंहपुर जिला और उससे लगे जिलों छिंदवाड़ा, सिवनी, जबलपुर, दमोह, सागर, रायसेन एवं नर्मदापुरम की राजस्व सीमाओं से एक वर्ष की अवधि के लिए निष्कासित किया गया है। जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने संतोष कीर को आदेशित किया है कि वह उक्त आदेश की प्राप्ति के 48 घण्टों के भीतर उक्त जिलों की सीमाओं से बाहर चला जावे तथा अपने आचरण में सुधार करें। साथ ही इस जिले की सीमाओं में एक वर्ष की अवधि तक जिला दण्डाधिकारी की अनुमति के बगैर प्रवेश नहीं करे। जिला बदर की अवधि में जारी आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित के विरूद्ध मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जायेगी। उल्लेखनीय है कि संतोष कीर के विरूद्ध गंदी गालियां देकर मारपीट करना व जान से मारने की धमकी देना, चोरी के आरोप सहित अवैध शराब विक्रय के उद्देश्य से रखे मिलना, सार्वजनिक स्थान पर हारजीत का दाव लगाकर ताश पत्ती का खेल खेलना, एकराय होकर गंदी गालियां देकर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाना, मारपीट कर नुकसान पहुंचाना, गंदी गालियां देकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देना, महिला के साथ छेड़छाड़ करना और आदतन अपराधी होने के प्रकरण दर्ज हैं।

## पीएमश्री शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल पिपरिया कला में युवा कौशल प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**छात्राओं ने प्रस्तुत किये आकर्षक मॉडल के माध्यम से उभरकर आई अंदर छिपी हुई प्रतिभा**




**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** पीएम श्री शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल पिपरिया कला में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत युवा कौशल प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया।पबताया जाता है कि इस्‌रदर्शनी में छात्राओं ने कृषि एवं सूचना प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न व्यावसायिक विषयों पर आधारित आकर्षक एवं नवाचारपूर्ण मॉडल प्रस्तुत कर अपनी रचनात्मक क्षमता, तकनीकी दक्षता और रोजगारोन्मुखी कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में व्यावहारिक ज्ञान, आत्मनिर्भरता तथा नवाचार की भावना विकसित करना रहा। विद्यालय परिसर में आयोजित इस प्रदर्शनी का अवलोकन विद्यालय की प्राचार्य मीना अग्रवाल ने किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं द्वारा तैयार किए गए मॉडलों की सराहना करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप व्यावसायिक शिक्षा विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यवहारिक दक्षता, स्वरोजगार और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में भी प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखते हैं।प्रदर्शनी में व्यावसायिक शिक्षक रजनीश कौरव (कृषि) एवं व्यावसायिक शिक्षिका रितु श्रीवास (आईटी) ने छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए विभिन्न मॉडलों की उपयोगिता एवं तकनीकी विशेषताओं की विस्तृत जानकारी दी। छात्राओं ने आधुनिक कृषि तकनीकों, जैविक खेती, डिजिटल तकनीक, सूचना प्रौद्योगिकी एवं रोजगार आधारित गतिविधियों से जुड़े मॉडल प्रस्तुत कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर व्यावसायिक शिक्षक रजनीश कौरव (कृषि) ने विद्यार्थियों को कौशल विकास, कृषि शिक्षा, रोजगार कौशल, आधुनिक एवं जैविक खेती, वर्मी कम्पोस्ट, हरी खाद, प्राकृतिक खेती, कृषि उद्यमिता तथा कृषि व्यापार के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये उन्होंने बताया कि आज के समय में कृषि केवल पारंपरिक व्यवसाय नहीं बल्कि आधुनिक तकनीकों और नवाचारों के माध्यम से रोजगार एवं स्वरोजगार का एक सशक्त माध्यम बन चुकी है। उन्होंने विद्यार्थियों को जैविक खेती अपनाने, पर्यावरण संरक्षण तथा गुणवत्तापूर्ण कृषि उत्पादन के लिए वर्मी कम्पोस्ट और हरी खाद के उपयोग के लाभ भी समझाए। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सुरेश श्रीवास ने भी विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करती है तथा उनमें सीखने की नई ऊर्जा का संचार करती है। प्राचार्य मीना अग्रवाल ने सभी प्रतिभागी छात्राओं, मार्गदर्शक शिक्षकों एवं आयोजन टीम को बधाई देते हुए भविष्य में भी ऐसे नवाचारपूर्ण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही। सभी ने छात्राओं द्वारा तैयार किए गए मॉडलों का अवलोकन कर उनके प्रयासों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। पूरे आयोजन के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह, नवाचार और सीखने का प्रेरणादायक वातावरण देखने को मिला। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान, तकनीकी दक्षता एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे वे भविष्य में आत्मनिर्भर बनकर कृषि, सूचना प्रौद्योगिकी एवं अन्य क्षेत्रों में बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। युवा कौशल प्रदर्शनी ने यह सिद्ध किया कि विद्यालय के विद्यार्थी प्रतिभा, नवाचार और कौशल के क्षेत्र में किसी से कम नहीं हैं तथा उचित मार्गदर्शन मिलने पर वे समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

## विधायक पटैल ने कौडिया में 42 लाख की लागत से आधुनिक प्रयोगशाला का भूमिपूजन करने के साथ ही 26 विद्यार्थियों वितरित की गई निःशुल्क साइकिलें




**हरिभूमि न्यूज/कौड़िया।** क्षेत्र को विकास की ओर ले जाने वाले क्षेत्र के विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने बीते हुये दिवस स्थानीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 42 लाख की लागत से निर्मित होने वाली आधुनिक प्रयोगशाला (लेबोरेटरी) का विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन-अर्चन कर भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत 26 छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। विधायक पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि प्रस्तावित आधुनिक प्रयोगशाला विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक विज्ञान शिक्षा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे छात्रों की वैज्ञानिक सोच, नवाचार क्षमता और प्रयोगात्मक ज्ञान को नई दिशा मिलेगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर श्री हरिप्रताप ममार, राजकुमार रघुवंशी, रमाकांत शर्मा, ब्रजेंद्र अग्रवाल, केशव प्रसाद दीक्षित, अशोक पटेल, योगेंद्र अग्रवाल, अरविंद जगाती, मुकेश पटेल, जनपद सदस्य भागवेंद्र कौरव, ईश्वर गुर्जर, ऋषिराज ममार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण, वरिष्ठ नागरिक और छात्र-छात्राएं मौजूद थी।

## बेकारी से तंग आ चुके युवा, आजीविका चलाने शासकीय भूमि देने की उठा रहे मांग

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शहर में शैक्षाणिक संस्थाओं का जाल बिछाने से युवा शिक्षित तो हो रहे है किन्तु उन्हे मिलने वाली डिग्रियॉ नगर में रोजगार के अवसर कम होने से बेमानी साबित हो रही है, उल्लेखनीय है कि शासकीय नौकरियो का टोटा होने से शिक्षित बेरोजगार स्थानीय स्तर पर नौकरी तलाशत हुये भटक रहे हैं पर उन्हे क्षेत्र की फैक्ट्रियो में भी कथित कोटे के अनुसार नौकरियॉ नही मिल पा रही है, इस हालत में उन्हें अपना भविष्य अंधकारमय प्रतीत हो रहा है, बेकारी से तंग अनेक युवाओं ने बताया कि उनमें काम करने जज्बा, ताकत भी है पर नौकरी न रहने से वे अपने परिवार को आर्थिक सहारा नहीं दे पा रहे है, वक्त के पहलें उनकी खुशिया छिन गयी है तथा एक तरह से वे अपने परिवार पर बोझ बनकर रह गए है, उन्होने बताया कि म.प्र.सरकार की मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत कई नौजवानो के बैंको से आर्थिक सहायता लेने के जो फार्म भरे थे, उनके आधार पर बैंकों से उन्हे ऋण देने में आनाकानी की जा रही है।

जिसका नतीजा है कि उन्हे बेवजह मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत ऋण लेने के लिए शासकीय कार्यालयों की परिक्रमा लगाने मजबूर होना पड़ रहा है, बेकार युवाओं का दर्द है कि कई विभागों में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियो की ओवरप्लो बाढ़ हो गयी है।

जिसके चलते अब लोग भी नौजवानो को दैनिक भोगी कर्मचारी नियुक्त कराने से कतराने लगे है। ऐसी स्थिति में सिर्फ शहर के शिक्षित बेराजगारो के सामने वर्तमान में यह विकल्प बाकी रह गया है कि उनके द्वारा छोटी दुकाने खोल अपनी जीविका चलाते हुए अपने बूढ़े माता पिता, भाई, बहिनों को सहारा देकर सम्मान से जीवन बिताया जाए,लेकिन युवाओं की बदनसीबी है कि शहर में व्यापक पैमाने पर शासकीय भूमि या तो अतिक्रमण की भेंट चढ़ी हुई है या फिर बेरोजगारों पर रहम न करते हुए प्रभावशाली लोग इस भूमि को चपेट मकान, दुकानें बना अपना स्वार्थ सिद्ध कर रहे है? शहर के अधिकतर शिक्षित बेरोजगारों ने शासन प्रशासन से मांग की है रोजगार के हकदार शिक्षित बेरोजगारों को शहर में खाली पड़ी नजूल,लोक निर्माण विभाग, नपा.की खाली पड़ी जमीन उचित टैक्स पर उपलब्ध करायी जाए,ताकि उसमें छोटी दुकानें बनाकर रोजगार से वंचित नौजवान आसानी से अपनी जीविका चला सके।

**नाम परिवर्तन सूचना**

**देवेन्द्र कुमार तिवारी आत्मज श्री सुरेश कुमार तिवारी** उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम रहटवाडा, तहसील बनखेड़ी, जिला नर्मदापुरम (म.प्र.) द्वारा शपथ पत्र प्रस्तुत करते हुये बताया है कि मै उपरोक्त पते का निवासी हूं तथा शपथकर्ता के पुत्र आदित्य का जन्म दिनांक 26/12/2008 को **लक्ष्मी नर्सिंगहोम** गाडरवारा, तहसील गाडरवारा में हुआ था तथा मैने अपने पुत्र के जन्म उपरांत उसका नाम जन्म प्रमाण पत्र उपरजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र शाखा नगर पालिका परिषद गाडरवारा द्वारा जारी किया गया था उसमें मेरे पुत्र का नाम **यश तिवारी** दर्ज है। जबकि उसके शालेय तथा अन्य अभिलेख सहित दस्ताबेजों में **आदित्य तिवारी** दर्ज है। इस तरह **यश तिवारी व आदित्य तिवारी** नाम एक ही व्यक्ति के है। अतः मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र में सही नाम **आदित्य तिवारी** दर्ज करते हुये जारी किया जावे।

**शपथ कर्ता**
**देवेन्द्र कुमार तिवारी आत्मज श्री सुरेश कुमार तिवारी निवासी- ग्राम रहटवाडा, तहसील- बनखेड़ी जिला- नर्मदापुरम (म.प्र.)**

**खबर संक्षेप**

## पूर्ण होते ही उखड़ने लगी सीसी सड़क, निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल

**अमरपुर।** जनपद पंचायत अमरपुर से सटी ग्राम डुंगरिया के ग्राम पंचायत भाखा में लगभग दो माह पूर्व भानपुर मुख्य मार्ग से बस्ती तक निर्मित सीमेंट कंक्रीट (सीसी) सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण पूरा होने के कुछ ही समय बाद सड़क कई स्थानों से उखड़ने लगी है, जिससे कार्य में गंभीर अनियमितताओं की आशंका जताई जा रही है।ग्रामीणों के अनुसार सड़क निर्माण के दौरान निर्धारित तकनीकी मानकों का पालन नहीं किया गया। आरोप है कि बिना समुचित अर्थवर्क के ही सीसी सड़क का निर्माण कर दिया गया। वहीं कंक्रीट को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक वाइब्रेटर मशीन का भी इस्तेमाल नहीं किया गया।निर्माण कार्य पूरा हुए करीब दो माह बीत जाने के बाद भी स्थल पर सूचना पटल नहीं लगाया गया है। इसके कारण यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि सड़क का निर्माण किस योजना अथवा मद से कराया गया, इसकी स्वीकृत लागत कितनी है तथा सड़क की लंबाई और चौड़ाई कितनी निर्धारित की गई है।

दोपहर करीब 12 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय का निरीक्षण करने पर मुख्य द्वार खुला मिला, लेकिन सचिव और सहायक सचिव के कक्ष पर ताला लटका हुआ था। कार्यालय में कोई भी जिम्मेदार कर्मचारी मौजूद नहीं मिला।ग्रामीणों का कहना है कि सड़क बस्ती के अंदर होने के कारण यहां भारी वाहनों का आवागमन नहीं होता। यदि नियमित रूप से भारी वाहन चलते, तो सड़क की स्थिति और अधिक खराब हो सकती थी।स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में उपयंत्री के तकनीकी मार्गदर्शन में निर्मित सीसी सड़कों की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं रही है। उनका कहना है कि अधिकांश सड़कें निर्माण पूरा होने के कुछ ही समय बाद क्षतिग्रस्त होने लगती हैं। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई तथा गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने की मांग की है।

## मेंहदवानी जनपद पंचायत में प्रशासनिक फेरबदल, प्रमोद ओझा कार्यमुक्त, पंकज जैन को अतिरिक्त प्रभार

**डिंडौरी।** जिले की जनपद पंचायत मेंहदवानी में प्रशासनिक स्तर पर महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। कलेक्टर डिंडौरी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के स्थानांतरण आदेश के अनुपालन में प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी (विकासखंड अधिकारी) प्रमोद कुमार ओझा को कार्यमुक्त कर दिया गया है। वहीं, जिला पंचायत डिंडौरी के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंकज जैन को आगामी आदेश तक जनपद पंचायत मेंहदवानी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।कलेक्टर कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, भोपाल द्वारा 15 जून 2026 को जारी स्थानांतरण आदेश के तहत प्रमोद कुमार ओझा का तबादला मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत निवास, जिला मंडला के पद पर किया गया है। इसी के परिपालन में उन्हें 22 जुलाई 2026 से नवीन पदस्थापना के लिए कार्यमुक्त कर दिया गया।जनपद पंचायत मेंहदवानी में प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्यों की निरंतरता बनाए रखने के उद्देश्य से जिला पंचायत डिंडौरी के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंकज जैन को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। यह व्यवस्था आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगी।कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि नई व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू होगी। आदेश की प्रतिलिपि विकास आयुक्त कार्यालय, पंचायत राज संचालनालय, आयुक्त जबलपुर संभाग तथा जिला पंचायत डिंडौरी एवं मंडला सहित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई एवं जानकारी के लिए प्रेषित की गई है।प्रशासनिक फेरबदल के बाद जनपद पंचायत मेंहदवानी में विकास कार्यों एवं ग्रामीण विकास योजनाओं के संचालन में निरंतरता बनाए रखने की उम्मीद जताई जा रही है। अतिरिक्त प्रभार संभालने के बाद पंकज जैन के नेतृत्व में प्रशासनिक और विकास संबंधी कार्यों का संचालन किया जाएगा।

# प्रशासनिक अमले ने व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण, अवैध कबाड़ कारोबार की जांच

**डिण्डौरी।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देश पर एसडीएम डिण्डौरी रामबाबू देवांगन, एसडीओपी अजय तिवारी, थाना प्रभारी विक्रमपुर अतुल हरदाहा तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों ने क्षेत्र के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



इस दौरान अवैध कबाड़ कारोबार की जांच, खाद वितरण व्यवस्था, निर्माण कार्यों, विद्यालय की व्यवस्थाओं एवं नशा मुक्ति अभियान की गतिविधियों की समीक्षा की गई।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्थानीय कबाड़ व्यापारी मोहम्मद शेख के प्रतिष्ठान की जांच की। मौके पर करीब 10 बसें स्क्रैप की स्थिति में मिलीं। जांच के समय व्यापारी स्क्रैप संबंधी आवश्यक दस्तावेज एवं वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर पंचनामा तैयार किया गया तथा मामले में पुलिस द्वारा नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

इसके बाद प्रशासनिक दल ने शासकीय खाद गोदाम विक्रमपुर का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि अब तक 35 किसानों को टोकन के माध्यम से खाद वितरित की जा चुकी है। शेष किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद का भंडारण किया जा रहा है और नियमानुसार वितरण की प्रक्रिया जारी रहेगी।अधिकारियों ने राघोपुर परियोजना के निर्माण स्थल घुसियामाल स्थित एजेंसी कैंप का भी निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था, आवागमन मार्ग, मेस तथा परिसर में उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।निरीक्षण के क्रम में प्राथमिक शाला घुसिया पहुंचकर अधिकारियों ने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता का परीक्षण किया। विद्यार्थियों से संवाद कर भोजन एवं विद्यालय की व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। बच्चों ने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर संतोष जताया, वहीं विद्यालय में अध्यापन कार्य भी संतोषजनक पाया गया। कार्यक्रम के अंत में चौकी विक्रमपुर में उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। अधिकारियों ने नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में सभी से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया।

# जिलेभर में निकली नशामुक्ति जागरूकता रैलियां, दिलाई गई शपथ







**डिंडौरी।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देश पर जिले में संचालित ₹नशे से दूरी है जरूरी₹ अभियान के तहत सोमवार को सभी विकासखंडों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया एवं पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के मार्गदर्शन में सार्वजनिक स्थलों, शासकीय परिसरों, हाट-बाजारों, बस स्टैंडों और विद्यालयों में नशामुक्ति शपथ, जागरूकता रैलियां एवं जनसंवाद आयोजित कर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया।डिंडौरी विकासखंड के पुलिस चौकी विक्रमपुर में एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन एवं एसडीओपी अजय तिवारी की उपस्थिति में नशामुक्ति शपथ कार्यक्रम आयोजित हुआ। अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान युवाओं से शिक्षा, खेल और रचनात्मक गतिविधियों से जुड़कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की गई। अभियान के तहत अमरपुर, समनापुर, करंजिया, बजाग, मेंहदवानी और शहपुरा सहित जिले के सभी विकासखंडों में जागरूकता रैलियां निकाली गईं। इनमें विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, पुलिस बल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का अमला, छात्र-छात्राएं, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए। प्रतिभागियों ने बैनर और तख्तियों के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश देते हुए लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित शपथ ग्रहण और जनसंवाद कार्यक्रमों में नशे के सामाजिक, आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। जिला प्रशासन ने नागरिकों से इस अभियान को जनआंदोलन का रूप देने तथा अपने परिवार, गांव और समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय सहयोग की अपील की। साथ ही युवाओं से शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों से जुड़कर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन अपनाने का आह्वान किया।



## जनपद पंचायत सभागार में प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम आयोजित

**अमरपुर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में जनपद पंचायत सभागार अमरपुर में विकासखंड स्तरीय प्रस्फुटन समितियों की बैठक सह प्रशिक्षण (प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम) आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य कार्यपालन अधिकारी लोकेश नारनौरे, खंड पंचायत समन्वयक प्रमोद सिंह परस्ते एवं पंचायत समन्वयक सही लाल कुलस्ते ने भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद अतिथियों का तिलक एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक अमर लाल धुर्वे ने जन अभियान परिषद की गतिविधियों एवं प्रशिक्षण की रूपरेखा की जानकारी दी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना की जानकारी देते हुए असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का अधिक से अधिक पंजीयन कराने पर जोर दिया। साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के तहत अधिकाधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान यातायात थाना प्रभारी राहुल उइके, शिवनील नशा मुक्ति एवं मनोचिकित्सा केंद्र डिंडौरी की टीम तथा पुलिस चौकी अमरपुर के स्टाफ ने ₹नशे से दूरी है जरूरी 2.0₹ अभियान के अंतर्गत उपस्थित लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। अधिकारियों ने नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए स्वयं नशामुक्त रहने और समाज को नशामुक्त बनाने में सहयोग करने का संदेश दिया।संभाग समन्वयक रवि प्रसाद बर्मन एवं जिला समन्वयक धर्मेंद्र चौहान ने परिषद की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों, स्वैच्छिकता पर्व, हरियाली यात्रा, नवांकुर सखी, ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान, तिरंगा यात्रा तथा अन्य गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने प्रस्फुटन समितियों से सेवा भाव के साथ कार्य कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता, नवांकुर योजना के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे। अंत में आभार प्रदर्शन के बाद जनपद पंचायत परिसर में पौधरोपण किया गया तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प दिलाया गया।

## शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में सिविल सर्विस दिवस पर करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित



**अमरपुर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत 24 से 31 जुलाई तक मनाए जा रहे सिविल सर्विस दिवस के अवसर पर करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन एवं योजना प्रभारी आशीष कुमार मरावी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) एवं मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) की परीक्षा प्रक्रिया, पात्रता, तैयारी की रणनीति तथा सिविल सेवाओं में करियर की संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने भी सिविल सेवा से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपनी जिज्ञासाएं व्यक्त कीं, जिनका विशेषज्ञों ने सरल एवं सहज तरीके से समाधान किया।योजना प्रभारी आशीष कुमार मरावी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सिविल सेवाओं की तैयारी के लिए लक्ष्य निर्धारण, नियमित अध्ययन और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सही मार्गदर्शन और निरंतर प्रयास से विद्यार्थी अपने सपनों को साकार कर सकते हैं।कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. सुनील काकोड़िया, डॉ. सीमा डावर, प्रदीप कुमार कहार एवं कैलाश प्रसाद लखेरा ने भी विद्यार्थियों को सिविल सेवा के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया।

# पत्थर से सिर कुचलकर युवक की हत्या, जंगल में छिपा आरोपी कुछ ही घंटों में गिरफ्तार




### समनापुर पुलिस की त्वरित कार्रवाई, हत्या के बाद फरार आरोपी को घेराबंदी कर दबोचा

**डिंडौरी।** थाना समनापुर क्षेत्र में पत्थर से सिर कुचलकर की गई हत्या के मामले का पुलिस ने कुछ ही घंटों में खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घटना के बाद आरोपी जंगल में छिप गया था, लेकिन पुलिस ने सघन सर्च अभियान चलाकर उसे दबोच लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भेज दिया गया है।पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती रेखा धर्मेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में समनापुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा किया।

### दशगात्र कार्यक्रम से लौटते समय हुआ विवाद

पुलिस के अनुसार, 26 जुलाई 2026 की सुबह करीब 8:30 बजे ग्राम पिपरिया में एक व्यक्ति की हत्या की सूचना थाना समनापुर को मिली। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जांच में मृतक की पहचान कमल सिंह मरावी के रूप में हुई।मृतक की पत्नी हिंरदिया बाई ने पुलिस को बताया कि दशगात्र कार्यक्रम से लौटने के दौरान गांव के सुकल सिंह मरावी का उसके पति से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने तालाब के समीप कमल सिंह मरावी को पकड़ लिया और पत्थर से सिर पर कई वार कर दिए। गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी जंगल की ओर भाग निकला।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आशीष खरे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती रेखा धर्मेन्द्र सिंह ने तत्काल आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। एसडीओपी बजाग विवेक कुमार गौतम के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित कर संभावित ठिकानों पर तलाश शुरू की गई।पुलिस ने तकनीकी एवं स्थानीय सूचनाओं के आधार पर घने जंगल में सघन सर्च अभियान चलाया। करीब चार से पांच घंटे की लगातार तलाश और घेराबंदी के बाद आरोपी सुकल सिंह मरावी को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने हत्या करना स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से न्यायिक रिमांड पर जिला जेल डिंडौरी भेज दिया गया।कार्रवाई में एसडीओपी बजाग विवेक कुमार गौतम, थाना प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर तिवारी, उप निरीक्षक लक्ष्मीप्रसाद पुष्पकार, सहायक उप निरीक्षक संतोष यादव, कमल सिंह उइके एवं खेमवती मरावी, प्रधान आरक्षक भारत लाल बसन्त, राजेश मरावी, संतोष धुर्वे, कृष्णपाल सिंह तथा आरक्षक सुनील कुमार पट्टा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# शादी से इनकार पर युवती का पीछा, धमकी और मारपीट; कोर्ट ने सुनाई कारावास की सजा




**डिंडौरी।** शादी से इनकार करने पर युवती का लगातार पीछा करने, फोन पर प्रताड़ित करने, अश्लील गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी देने और मारपीट करने के मामले में प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, जिला डिंडौरी की अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए विभिन्न धाराओं के तहत कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया है।मीडिया सेल प्रभारी एवं अभियोजन अधिकारी दिलावर धुर्वे ने बताया कि थाना डिंडौरी में दर्ज अपराध क्रमांक 647/2025 तथा सत्र प्रकरण क्रमांक 01/2026 में आरोपी पीयूष यादव (22 वर्ष), पिता रेतु यादव, निवासी सब्जी मंडी, समनापुर, जिला डिंडौरी के विरुद्ध न्यायालय ने निर्णय सुनाया।अभियोजन के अनुसार पीड़िता वार्ड क्रमांक-9, नर्मदा गंज, डिंडौरी की निवासी है। आरोपी से उसकी करीब तीन वर्षों से जान-पहचान थी और दोनों के बीच फोन पर बातचीत होती थी। इसी दौरान आरोपी ने युवती पर शादी करने और साथ रहने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। जब पीड़िता ने इससे इनकार किया तो आरोपी लगातार फोन कर उसे परेशान करने लगा। वह उसका पीछा करता, अश्लील गाली-गलौज करता और पीड़िता सहित उसके परिवार को जान से मारने की धमकियां देता रहा। अभियोजन के मुताबिक 6 सितंबर 2025 की शाम करीब 6 बजे पीड़िता नर्मदा डेम घाट गई थी। इसी दौरान आरोपी वहां पहुंचा और उसका हाथ पकड़कर खींचते हुए मारपीट की। घटना के बाद पीड़िता की शिकायत पर थाना डिंडौरी पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना पूरी की तथा न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया।सुनवाई के दौरान अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, जिला डिंडौरी ने आरोपी को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 78(1)(ii), 78(1)(i), 79, 115(2) एवं 75(1)(i) के तहत दोषी ठहराया।न्यायालय ने संबंधित धाराओं में आरोपी को तीन-तीन माह तथा एक धारा में एक माह के साधारण कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा प्रत्येक धारा में 500 का अर्थदंड भी लगाया गया। अर्थदंड का भुगतान नहीं करने की स्थिति में आरोपी को प्रत्येक धारा के लिए एक-एक माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा।

## DNT डेवलपमेंट फाउंडेशन ने जीवन लाल बंजारा को बनाया डिंडौरी जिला अध्यक्ष

### घुमंतु एवं विमुक्त समुदाय के उत्थान के लिए संगठन विस्तार और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की सौंपी जिम्मेदारी



**डिंडौरी।** घुमंतु, अर्ध-घुमंतु एवं विमुक्त (डीएनटी) समुदाय के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कार्यरत **DNT** डेवलपमेंट फाउंडेशन (मध्य प्रदेश) ने डिंडौरी जिले में संगठनात्मक विस्तार करते हुए जीवन लाल बंजारा को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस संबंध में फाउंडेशन के प्रदेश कार्यालय द्वारा विधिवत नियुक्ति पत्र जारी किया गया है।नियुक्ति के साथ ही जीवन लाल बंजारा को जिले में डीएनटी समुदाय के हित में संचालित कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार, संगठन को मजबूत करने तथा समुदाय के लोगों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।फाउंडेशन ने उन्हें निर्देश दिए हैं कि वे जिले की सभी तहसीलों एवं विकासखंडों में संगठन की कार्यकारिणी का गठन एवं विस्तार सुनिश्चित करें। साथ ही समुदाय से जुड़े लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए शासन-प्रशासन और संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर पात्र हितग्राहियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए सक्रिय प्रयास करें।प्रदेश कार्यालय ने यह भी निर्देशित किया है कि संगठन की गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की नियमित प्रगति रिपोर्ट समय-समय पर उपलब्ध कराई जाए तथा जारी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाए।फाउंडेशन ने विश्वास व्यक्त किया है कि नई जिम्मेदारी मिलने के बाद जीवन लाल बंजारा डिंडौरी जिले में डीएनटी समुदाय के सामाजिक उत्थान, अधिकारों के प्रति जागरूकता और संगठनात्मक मजबूती के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। नियुक्ति पत्र पर फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष के हस्ताक्षर हैं।

## खबर संक्षेप

### हत्या के आरोपियों को सजा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश अनु.जाति अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम नरसिंहपुर मनोज कुमार लढ़िया के न्यायालय द्वारा आरोपीगण कमलेश प्रजापति, अन्नीलाल, अखिलेश, छोटू उर्फ उमेश एवं सविता बाई को धारा 193(3), 103(1) 190 बीएनएस तथा एससीएसटी एक्ट की धारा 3(2)(अ) एवं 3(2)(अं) में दोषसिद्ध पाते हुये सभी आरोपीगण को दंडित किया गया।

### संतोष कीर को एक वर्ष के लिए किया जिला बदर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के प्रावधानों के तहत जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर डोंगरगांव थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम कुड़ारी निवासी संतोष कीर पिता सत्तू उर्फ सत्यनारायण कीर को जिला बदर किया गया है। संतोष कीर को नरसिंहपुर जिला और उससे लगे जिलों छिंदवाड़ा, सिवनी, जबलपुर, दमोह, सागर, रायसेन एवं नर्मदापुरम की राजस्व सीमाओं से एक वर्ष की अवधि के लिए निष्कासित किया गया है। जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने संतोष कीर को आदेशित किया है कि वह उक्त आदेश की प्राप्ति के 48 घण्टों के भीतर उक्त जिलों की सीमाओं से बाहर चला जावे तथा अपने आचरण में सुधार करें। साथ ही इस जिले की सीमाओं में एक वर्ष की अवधि तक जिला दण्डाधिकारी की अनुमति के बगैर प्रवेश नहीं करे। जिला बदर की अवधि में जारी आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित के विरूद्ध मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जायेगी।

### गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता रैली का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के अंतर्गत सांदीपनि विद्यालय में स्वच्छता जन-जागरूकता अभियान के तहत विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता संबंधी जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुँचाया। रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर स्टेशन क्षेत्र एवं कृष्णा वार्ड के विभिन्न मार्गो से होती हुई पुनः विद्यालय परिसर पहुँची। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्वच्छता से जुड़े नारे लगाते हुए लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने और समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

### परमहंसी गंगा आश्रम से निकला नशा मुक्ति का संदेश

**गोटेगांव।** नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव थाना पुलिस ने नशा मुक्ति जन जागृति अभियान के तहत समाज को जागरूक करने की अनूठी पहल की। सोमवार को थाना गोटेगांव के **SDOP** मनीष त्रिपाठी के नेतृत्व एवं थाना प्रभारी प्रदीप सराफ के मार्गदर्शन में धार्मिक नगरी परमहंसी गंगा आश्रम स्थित पाठशाला में नशा मुक्ति जन जागृति कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज की विचारशीला से की गई। इसी पवित्र स्थल से नशे के खिलाफ जनजागरण का संदेश दिया गया।इस अवसर पर ब्रह्मचारी अचलानंद महाराज एवं बड़े शास्त्री जी ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणाम बताते हुए स्वस्थ एवं संस्कारयुक्त जीवन अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी ही देश का भविष्य है और नशे से दूर रहकर ही सशक्त समाज का निर्माण संभव है।**SDOP** मनीष त्रिपाठी ने बच्चों एवं उपस्थित जनसमूह को नशा न करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि पुलिस का दायित्व केवल अपराध रोकना नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करना भी है। आने वाले समय में स्कूलों, कॉलेजों और गांवों में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।कार्यक्रम में परमहंसी गंगा आश्रम से अरविंद मिश्रा सहित आश्रम के पदाधिकारी, झोतेश्वर चौकी प्रभारी, थाना ठेमी प्रभारी एवं गोटेगांव थाना पुलिस का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। अंत में सभी विद्यार्थियों को नशा मुक्त जीवन का संकल्प पत्र वितरित किया गया।

## लंबित प्रकरणों का समयबद्ध करें निराकरण: कलेक्टर

# टीएल बैठक में कलेक्टर के सख्त निर्देश

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा (टीएल) बैठक में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों एवं विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी, सीएम मॉनिट, कृषि, राजस्व, महिला एवं बाल विकास, जल जीवन मिशन, गौशालाओं, खाद्य सुरक्षा, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, हिट एंड रन प्रकरण सहित विभिन्न विषयों पर विभागवार प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ गजेंद्र कुमार नागेश सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर ने हितग्राही मूलक शिविरों में संबल कार्ड बनाने की अपेक्षाकृत कम प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए श्रम विभाग एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) को समन्वय स्थापित कर मिशन मोड में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।




### कलेक्टर ने दिए निर्देश

उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के पंजीयन ऑपरेटर के माध्यम से कराए जाएं तथा शिविरों में प्राप्त सभी आवेदनों की ऑनलाइन प्रविष्टि अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। जिन स्थानों पर शिविर आयोजित होना शेष है, वहां नए संबल पंजीयन एवं अनुग्रह सहायता राशि से संबंधित प्रकरणों का भी निराकरण किया जाए। उन्होंने इन कार्यों की प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश श्रम अधिकारी को दिए। समग्र ई-केवायसी की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लंबित स्थिति स्वीकार्य नहीं होगी। सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ मिशन मोड में कार्य करते हुए शत-प्रतिशत ई-केवायसी पूर्ण करें। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान जून माह की लंबित शिकायतों पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि एल-1 से एल-2 तथा एल-2 से एल-3 स्तर पर बिना संतोषजनक निराकरण शिकायतें जाने पर संबंधित अधिकारियों पर जुर्माना अधिरोपित करने के लिए भी निर्देशित किया।

### गौशालाओं के संचालन को लेकर दिए निर्देश

बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजना से जोड़ने तथा रूफटॉप सोलर संयंत्रों की स्थापना में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिले में संचालित गौशालाओं की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने उप संचालक पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. सुनील बृजपुरिया को गौशालाओं का संचालन और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित ढंग से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में एनआरएलएम के माध्यम से कौशल विकास एवं अन्य आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जाए। कलेक्टर ने सशस्त्र झंडा सेना दिवस के अंतर्गत निर्धारित राशि समय पर जमा कराने के निर्देश दिए। साथ ही हिट एंड रन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जिले में इस श्रेणी का कोई भी प्रकरण लंबित नहीं रहना चाहिए तथा सभी मामलों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

### पादर्शिता के साथ हो मूंग उपार्जन

बैठक में उप संचालक कृषि आर.पी. झारिया ने बताया कि जिले में समर्थन मूल्य पर मूंग एवं उड़द उपार्जन का कार्य सुचारु रूप से जारी है। अब तक 36 हजार 822 किसानों ने स्लॉट बुक कराया है, जिनमें से 11 हजार 476 किसानों से 77 हजार 221 क्विंटल मूंग एवं उड़द का समर्थन मूल्य पर उपार्जन किया जा चुका है। 922 किसानों को 5.85 करोड़ की भुगतान राशि उनके खातों में अंतरित की जा चुकी है, जबकि 8 हजार 820 किसानों की 17.62 करोड़ की राशि ईपीओ प्रक्रिया में है, जो शीघ्र ही उनके बैंक खातों में जमा कर दी जाएगी। इस पर कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने निर्देश दिए कि समर्थन मूल्य पर उपार्जन कार्य पूरी पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ संपादित किया जाए तथा किसानों को भुगतान में किसी प्रकार की देरी न हो।

# रविदास जयंती के आयोजन को लेकर भाजपा की बैठक सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** संत शिरोमणि गुरू रविदास जी की 650वीं जयंती के पावन अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में जिला भाजपा कार्यालय नरसिंहपुर में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने की उक्त बैठक में तेन्दूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल, गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश, जिला महामंत्री व कार्यक्रम संयोजक राहुल कौरव, जिला उपाध्यक्ष अजय साहू, मुकेश मरैया, जिला मंत्री महेंद्र पटेल, सुश्री दुर्गेश नंदनी उइके तथा जिला कार्यालय मंत्री सुदर्शन वैद्य मंचासीन रहे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी साझा करना और उनकी प्रभावी रूपरेखा तैयार करना था। बैठक में जिला पदाधिकारीगण, सभी मंडल अध्यक्षगण, एवं कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु गठित मंडल टोलियों के सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने सक्रिय रूप से चर्चा में भाग लिया। उक्त बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष मुकेश मरैया द्वारा एवं आभार जिला उपाध्यक्ष व कार्यक्रम जिला सह संयोजक अजय साहू द्वारा किया गया।

# अवैध देशी पिस्टल सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**



गत दिवस थाना स्टेशनगंज पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आजाद जाट पिता सुदीश जाट, उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम धुवघट लाल-पीले रंग के मिठाई के थैले में अवैध देशी पिस्टल रखकर उसे किसी ग्राहक को बेचने के उद्देश्य से खेरापति माता मंदिर के पास कोदसा तिगड़ा आने वाला है। सूचना की तस्दीक उपरांत पुलिस टीम ने स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में घेराबंदी कर कार्यवाही की। मौके पर संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे तत्परता से घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपने कब्जे में रखे थैले में देशी पिस्टल होना स्वीकार किया। तलाशी लेने पर थैले से एक अवैध देशी पिस्टल बरामद हुई, जिसे विधिवत जप्त कर लिया गया। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के प्रावधानों के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी स्टेशनगंज, निरीक्षक सौरभ पटेल, उनि संजय सूर्यवंशी, आरक्षक योगेन्द्र, इमरत, सैनिक देवेश एवं सैनिक रूपेश की सराहनीय भूमिका रही है।

# आवारा मवेशियों के सींग पर लगाए रेडियम

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन द्वारा सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विंध्यवासिनी कंपनी द्वारा अनोखी पहल करते हुए गोवंश को बचाने तथा दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कंपनी के कर्मचारियों द्वारा सड़क और हाईवे पर घूम रहे मवेशियों के सींगो पर रेडियम तथा गले में रेडियम बेल्ट पनाया गया जिससे अंधेरे में खड़े मवेशी वाहन चालकों को स्पष्ट दिख सकेंगे जिससे दुर्घटना को रोका जा सके।



## अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में डॉ महोबे ने जीता स्वर्ण पदक



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शासकीय कन्या महाविद्यालय के चित्रकला विभाग के सहायक प्राध्यापक एवं वरिष्ठ चित्रकार डॉ. यतीन्द्र महोबे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित जलरंग कला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया । उक्त प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय कला प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी बिंदास आर्टिस्ट ग्रुप, मिर्जापुर (उत्तर प्रदेश) द्वारा आयोजित की गई थी, जिसमें भारत सहित दक्षिण कोरिया, मेक्सिको, थाईलैंड, ताइवान, वियतनाम, उत्तरी आयरलैंड तथा अन्य देशों के कलाकारों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता में निर्णायक भूमिका अमित कपूर, ताइवान की जिन ली एवं लियू मु लिन, थाईलैंड के आओद अम्पावा, उत्तरी आयरलैंड के जॉन कूनी तथा वियतनाम के बाओ हुइन्ह निर्वहन की। डॉ. महोबे सफलता पर शुभचिंतकों ने शुभकमानएं प्रेषित की।

# मिलावट के विरुद्ध कार्रवाई लिए गए 17 सैंपल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**



कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशानुसार जिले में दूध एवं दूध उत्पादों में मिलावट के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती कविता राठौर एवं श्रीमती सारिका दुबे द्वारा गाडरवारा, बरमान एवं नरसिंहपुर क्षेत्र में विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। जांच के दौरान गाडरवारा स्थित नारायण डेयरी एवं नायक किराना एंड जनरल स्टोर, बरमान में मोदी ट्रेडर्स, राजमार्ग स्थित राहुल किराना एंड जनरल स्टोर तथा नरसिंहपुर में गुरू कृपा किराना स्टोर से कुल 17 नमूने लिए गए। इनमें दूध के 5, तेल के 3, घी के 3, धनिया पाउडर के 2, गरम मसाला के 2, मिर्च पाउडर का एक तथा टमाटर सॉस का एक नमूना शामिल है। सभी नमूनों को जांच हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। निरीक्षण के दौरान सभी खाद्य विक्रेताओं को खाद्य सामग्री को ढंककर रखने, स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने तथा गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री एवं मिठाइयों के विक्रय के निर्देश दिए गए।

# बालक एवं बालिका छात्रावास में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस बालक एवं बालिका छात्रावास चांवरपाठा में आरबीएसके दल क्रमांक 2 की मेडीकल टीम ऑफीसर डॉ. दीप्ति व्यास एवं सेक्टर मेडीकल ऑफीसर डॉ. श्रद्वा मिश्रा एमओ चॉवरपाठा द्वारा दोनो छात्रावासों में उपस्थित बालक बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर पोषण आहार एवं स्वास्थ्य सबंधी जानकारी दी गयी। छात्रों को विभिन्न संक्रामक बीमारियों से बचने आस पास साफ सफाई करने तथा हमेशा हाथ धुलकर भोजन करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई।



### गंगा अभियान के तहत जन्मदिन पर किया पौधरोपण

**तेंदूखेड़ा** गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में जन्म शताब्दी वर्ष में वृक्षगंगा अभियान के संकल्प को पूर्ण करने ग्राम ग्वारी में सभी शाखाओं के सहयोग से वृक्षारोपण किया गया वहीं ग्राम पंचायत ग्वारी के सरपंच परमेश्वरदास पटेल के जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए बड़ी संख्या वृक्षारोपण कर जन्मदिन वैवाहिक वर्षगांठ पुण्य तिथि तथा किसी विशेष कार्य विशेष रूप से मनाये जाने की जगह वृक्षारोपण का संदेश दिया गया।इस मौके पर मुख्य रूप से उपजोंन से वृंदावन पटेल जिला समन्वयक रामकुमार ठाकुर तहसील पर्यावरण समिति विमलेश कुमार पटेल बीरेंद्र पटेल मंजीत पटेल काशीराम राय शंकर पटेल सियाराम पटेल कौशल द्वारका प्रसाद एवं ग्वारी आसपास से आए समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

## लोड शेडिंग के नाम पर विद्युत कटौती के विरोध में उपभोक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस डोभी क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर लोड सेटिंग के नाम पर हो रही विद्युत कटौती तथा बस स्टैंड डोभी में स्थित ट्रांसफार्मर के कटआउट बॉक्स को पिछले एक माह से ऊपर न किए जाने आवश्यक सुधार कार्य हेतु पर्याप्त सामग्री एवं कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के संबंध में बड़ी संख्या में एकत्रित उपभोक्ताओं ने विद्युत वितरण केन्द्र में पहुंच कर ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उल्लेख किया गया है कि डोभी क्षेत्र में विगत कुछ समय से लोड शेडिंग के नाम पर बार-बार अनावश्यक रूप से विद्युत कटौती की जा रही है। जिससे आम नागरिकों छात्रों व्यापारियों अन्य उपभोक्ताओं को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बस स्टैंड पर स्थित डीपी का कटआउट बॉक्स पिछले एक माह से नीचे रखा हुआ है। जिससे वहाँ से गुजरने वाले नागरिकों एवं मवेशियों के लिए करंट लगने जैसी गंभीर दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद आज तक इसे सुरक्षित रूप से ऊपर स्थापित नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में विद्युत सुधार कार्यो में लगातार विलंब हो रहा है। स्थानीय स्तर पर सुधार कार्य हेतु आवश्यक सामग्री की पर्यात उपलब्धता नहीं होने तथा पर्याप्त तकनीकी कर्मचारियों के अभाव के कारण छोटी-छोटी खराबियों के निराकरण में देरी हो रही है। उपभोक्ताओं को लंबे समय तक बिजली से वंचित रहना पड़ता है। संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु आवश्यक सुरक्षा उपाय तत्काल किए जाएँ।अन्यथा किसी भी प्रकार की जनहानि पशुहानि अथवा दुर्घटना होने की स्थिति में उसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।जनहित को दृष्टिगत रखते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। उपभोक्ताओं ने यह भी कहा है कि पूर्व में छत्तरपुर में विद्युत सुधार कार्य में एक कृषक की हुई असमय मौत की आज तक कोई उचित न्याय कार्यवाही नहीं हुई है।

